# मिशन साहसी–आत्म रक्षा प्रशिक्षण प्रदर्शन

22 अक्टूबर 2019

शिवाजी क्रीडान्गन लखनऊ विश्वविद्यालय

Mission Saahasi-Self Defence Training Demonstration

Shiva Ji Ground, Lucknow University

22 October 2019 at Shivaji Ground Lucknow University

National Service Scheme, University of Lucknow, Mission Sahasi

राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा बालिकाओं को आत्म सुरक्षा प्रदान करने के लिए मिशन साहसी–आत्म रक्षा प्रशिक्षण प्रदर्शन का आयोजन दिनांक 22 अक्टूबर 2019 को शिवाजी मैदान, लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रातः 11:00 बजे से किया गया। मिशन साहसी कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं सहित 202 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।




मिशन साहसी का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में सुरक्षा की भावना को जागृत करना, आत्म विश्वास को बढ़ाना है, जिससे लोगों का रवैया महिलाओं के प्रति अच्छा व सम्मान देने वाला हो सके। इस अवसर पर प्रतिभागियों को हेयर पिन, दुपट्टा, चप्पल से आत्मरक्षा के हुनर सिखाए गए। इस अवसर पर भीड़ भरी बस या खाली बस या किसी विषम परिस्थित से स्वयं को बचाने हेतु विभिन्न तरिकों से छात्राओं को परिचित कराया गया। इसके साथ ही इस अवसर पर छात्राओं द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया सभी के सामने किया गया। प्रशिक्षण में प्राप्त विभिन्न छोटी–छोटी तकनीकियों के माध्यम से आत्म रक्षा के सिखाए गए गुरों को सभी के सामने प्रदर्शित कर अपने बढ़े हुए आत्म विश्वास को सभी को सामने प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय प्रो0 एस0पी0 सिंह ने प्रतिभागियों के हौंसले को बढ़ाते हुए कहा कि आप द्वारा दिखाया गया आत्मविश्वास यह दर्शाता है कि आप में किसी

भी क्षमता की कमी नहीं है और यह प्रमाण है कि हमारे देश की बेटिया अब किसी भी विषम परिस्थिति में अपने आत्म विश्वास को ढ़ाल बनाकर अपनी सुरक्षा कर सकती है। इसके साथ ही आप द्वारा छात्राओं के इस जोश व आत्म विश्वास को सदैव बनाए रखने का आग्रह भी किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त कार्यक्रम अधिकारियों समेत शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।



